# प्रश्नबैंक

# विषय – हिन्दी

# प्रथम सत्र

## इकाई 1 से 3

गुजरात शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,
गांधीनगर

कक्षा – 5

# अध्ययन निष्पत्ति की सूचि

| क्रम | निष्पत्ति क्रमांक | अध्ययन निष्पत्ति |
|---|---|---|
| 1 | H513 | चित्र के आधार से स्थानीय परिवेश में पाई जाने वाली चीजों (सब्जी, फल, अनाज, यातायात के साधन, रसोईघर, पेड़-पौधे) की जानकारी प्राप्त करते हैं। |
| 2 | H504 | ‘क्या’,’ कौन’,’ क्यों’, ‘कैसे’,’ कब’ और ‘कहाँ’ वाले प्रश्नों को सुनकर और पढ़कर समझते हैं। |
| 3 | H521 | सरल वाक्यों का मातृभाषा में अनुवाद करते हैं। |
| 4 | H512 | शब्दों और अंकों में 21 से 50 तक की गिनती का उच्चारण एवं लेखन करते हैं। |
| 5 | H511.02 | सरल प्रश्नों के लिखित उत्तर देते हैं। |
| 6 | H524 | अधूरे वाक्य पूर्ण करते हैं। |
| 7 | H516 | सरल शब्द एवं समानार्थी, विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं। |
| 8 | H509 | परिचित विषय पर साहजिक रूप से लिखते हैं। |
| 9 | H525 | दी गई परिस्थिति के बारे में सोचकर अपनी राय देते हैं | |
| 10 | H526 | चित्र का अवलोकन करके भेद ढूंढते हैं | |

**H513 चित्र के आधार से स्थानीय परिवेश में पाई जाने वाली चीजों (सब्जी, फल, अनाज, यातायात के साधन, रसोईघर, पेड़-पौधे) की जानकारी प्राप्त करते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न - 1 सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।** **[10]**

1. निम्नलिखित में से यातायात का कौन-सा साधन पटरी पर चलता है?
   A रेलगाड़ी B. बैलगाड़ी C जहाज D. वायुयान
2. चार पहियों वाला साधन कौन-सा है?
   A.साइकिल B. स्कूटर C. मोटरकार D. रिक्शा
3. हवा में उड़ने वाला यातायात का साधन कौन-सा नहीं है?
   A. हेलीकॉप्टर B. हवाई जहाज C. अवकाशयान D. स्टीमर
4. किस साधन में मुसाफरी करने पर टिकट मिलता है?
   A. साइकिल B. बस C. रिक्शा D. ताँगा
5. किस साधन में पहिए नहीं होते हैं?
   A. हवाई जहाज B. ऊँटगाड़ी C. जहाज D. मोटरकार
6. यातायात के कौन-से साधन को घोड़ा खींचता है?
   A. ताँगा B.बैलगाड़ी C. मोटरकार D. साइकिल
7. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अन्य से भिन्न है?
   A. आम B.गुड़हल C.कमल D.गुलाब
8. यातायात का कौन-सा साधन पानी में चलता है?
   A. अवकाशयान B. नाव C. रेलगाड़ी D.हवाई जहाज
9. सूरज की दिशा में खिलनेवाला फूल कौन-सा है?
   A. गुलाब B.मोगरा C. कमल D.सूरजमुखी
10. निम्नलिखित में से कौन-सा फूल पीले रंग का होता है?
    A कमल B. गेंदा C. चमेली D. बेला

**प्रश्न - 2 निम्नलिखित यातायात के साधनों को तालिका में वर्गीकृत कीजिए ।** **[6]**

[ बस, कार, ट्रक, ट्रेन, ट्रैक्टर, ताँगा, ऑटोरिक्शा, साइकिल, स्कूटर, जीप, बैलगाड़ी, ऊँटगाड़ी]

| दो पहियोंवाले | तीन पहियोंवाले | चार पहियोंवाले | चार से अधिक पहियों वाले |
|---|---|---|---|
| | | | |

**प्रश्न - 3 निम्नलिखित यातायात के साधनों को तालिका में वर्गीकृत कीजिए । [7]**

[ साइकिल, नाव, बैलगाड़ी, हवाई जहाज, बस, स्कूटर, स्टीमर, जहाज, हेलीकॉप्टर, ताँगा, मोटरकार, ट्रक, ऊँटगाड़ी, अवकाशयान]

| सड़क पर चलने वाले यातायात के साधन | हवा में उड़ने वाले यातायात के साधन | पानी में चलने वाले यातायात के साधन |
|---|---|---|
| | | |

**प्रश्न - 4 सही जोड़े मिलाइए। [5]**

1.

| A | B |
|---|---|
| 1. ताँगा | ઊંટગાડી |
| 2. बैलगाड़ी | વિમાન |
| 3. स्कूटर | ઘોડાગાડી |
| 4. ऊँटगाड़ी | સ્કૂટર |
| 5. हवाई जहाज | બળદગાડું |

2. [5]

| A | B |
|---|---|
| 1. गुड़हल | ગલગોટો |
| 2. अमलतास | કરેણ |
| 3. सदाबहार | જાસૂદ |
| 4. गेंदा | બારમાસી |
| 5. कनेर | ગરમાળો |

**प्रश्न -5 निम्नलिखित विधानों में से सही के सामने ✓ और गलत के सामने x का चिह्न कीजिए । [5]**

1. ट्रेन पटरी पर चलती है। ☐
2. रिक्शा चार पहियोंवाला साधन है| ☐
3. फूल खुशबू देते हैं। ☐
4. हवाईजहाज सड़क पर चलता है। ☐
5. जहाज पानी पर चलता है। ☐

**प्रश्न -6 सही विकल्प चुनकर रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिए।** **[5]**

**(फूल, बाघ, सड़क, बैलगाड़ी, टिकट, जहाज, चरवाहा)**

1. .................. की सवारी मुफ्त में होती है |
2. ट्रेन में सवारी करने के लिए.................. लेना पड़ता है।
3. ................ सबको प्यारा लगता है।
4. मोटरकार.............. पर चलाई जाती है |
5. ...................... पानी में चलने वाला साधन हूँ।

**H504 'क्या',' कौन',' क्यों', 'कैसे',' कब' और 'कहाँ' वाले प्रश्नों को सुनकर और पढ़कर समझते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न -7 सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए |** **[10]**

**1.** नन्हा राही सबको क्या सिखाएगा?

A. गाना B. लिखना C. पढ़ना D. प्रेमपूर्ण व्यवहार

**2.** भिन्न अर्थवाला शब्द कौन - सा है?

A. राही B. सिपाही C. मुसाफिर D. यात्री

**3.** नन्हा राही अपने संग क्या बोलने के लिए कहता है?

A. जय हिन्द B. जयजय C. जय जवान D. अमर रहो

**4.** 'शांति की नगरी है मेरा यह <u>वतन</u>' रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए।

A. गाँव B.नगर C.मातृभूमि D. जमीन

**5.** दाहिने - बाएँ का गुजराती में क्या अर्थ होता है?

A. डाबीबाजु-जमणीबाजु B. बन्ने बाजु

C. ઉપરબાજુ - નીચેબાજુ D. જમણીબાજુ-ડાબીબાજુ

**6.** 'राही' का समानार्थी क्या होता है?

A. यात्री B. सिपाही C. बालक D.किसान

**7.** अगर हर बच्चा खुद को 'देश का सिपाही' माने, तो समाज में कौन-सा बदलाव आ सकता है ?

A. लड़ाई-झगड़े बढेंगे। B. बच्चे स्कूल जाना छोड़ देंगे।

C. समाज में अनुशासन और सेवा की भावना बढ़ेगी।

D. देश कमजोर हो जाएगा।

**8.** अगर आपको अपने विद्यालय के बच्चों में देशभक्ति की भावना पैदा करनी हो, तो आप क्या करेंगे?

A. केवल छुट्टी का इंतजार करूँगा।

B. कविता और गीतों से देशभक्ति की भावना जगाऊँगा।

C. चुपचाप बैठा रहूँगा। D. खेल का आयोजन करूंगा

**9**. 'चलन' का अर्थ क्या होता है?

A. पैर B. साँस C. लक्ष्य D. आचरण

**10.** इनमें से कौन-सा रंग हमारे राष्ट्रध्वज में नहीं' होता है?

A. हरा B. केसरी C. गुलाबी D. सफेद

**प्रश्न - 8 सही जोड़े मिलाइए |** **[5]**

| A | B |
|---|---|
| 1. किसान कब | 1. पहिए होते हैं? |
| 2. बस में कितने | 2. भीड़ है? |
| 3. रास्ते में क्यों | 3. बनना चाहते हो? |
| 4. टिकट कौन | 4. हल चलाता है? |
| 5. बड़े होकर तुम क्या | 5. चेक करता है**?** |

**प्रश्न- 9 कोष्ठक में से योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |** **[5]**

**1.** आपको क्या - _________ आता है**?** (क्यों, क्या )

2. आपकी बस की टिकट __________ की है**?** ( कब, कैसे )

3. आसमान में तारे _____________ दिखते हैं**?** (कैसे ,क्या )

4. तीन पहियों वाला साधन ____________ सा है**?** (कौन,कैसे )

5. मोहन _____________ रहता है**?** (क्यों , कहाँ )

## संक्षिप्त उत्तरवालें प्रश्न

**प्रश्न -10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (HOT)** **[10]**

1. हवाई जहाज के चालक को क्या कहते हैं?
2. चार से अधिक पहियों वाले साधन कौन-कौन से हैं ? (किन्हीं दो के नाम लिखिए)
3. बस में टिकट कौन देता है ?
4. आपने कौन-कौन से यातायात के साधनों से मुसाफिरी की है ?
5. आपको कौन-सा फूल ज्यादा पसंद है ?
6. कौन-कौन से यातायात के साधनों में मुफ्त में सवारी की जा सकती है?
7. भिन्न-भिन्न रंग के पाँच फूलों के नाम लिखिए ।
8. नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ" गीत की पंक्तियों में एकता का संदेश कैसे व्यक्त होआ है ?
9. चरवाहे के बार-बार झूठ बोलने की आदत ने गाँव वालों के व्यवहार को कैसे प्रभावित किया?
10. अमित ने कहा, ‘आज में बादलों के बीच उड़ता हुआ दिल्ली से अहमदाबाद आया।’ अमित किस यातायात के साधन में बैठा होगा?

**H521- सरल वाक्यों का मातृभाषा में अनुवाद करते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न 11 सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।** **[4]**

1. मैं स्कूल जाता हूँ। - इसका सही गुजराती अनुवाद कौन - सा है?

A. હું શાળાએ જાઉં છું. B. હું પુસ્તક વાંચું છું.

C. હું બગીચામાં રમું છું. D. હું ઘરે જાઉં છું.

2. वह किताब पढ़ती है। - दिए गए गुजराती अनुवाद में कौन सा शब्द "पढ़ती है" के लिए सही है?

A. રમે છે B. વાંચે છે C. જાય છે D. બનાવે છે

3. 'किंजल पुस्तक पढ़ रही है'। 'पुस्तक' शब्द को मातृभाषा में क्या कहते हैं।

A. ચોપડી B. બુક C. નોટ D. પેન્સિલ

4. 'નમ્ર આવતીકાલે મંદિર જશે'. इस वाक्य का हिंदी अनुवाद निम्न में से कौन सा सही है।

A. नम्र कल मंदिर जाएगा। B. नम्र कल मंदिर गया था।

C. नम्र आज मंदिर गया था। D. नम्र मंदिर गया है।

**प्रश्न 12 निम्नलिखित वाक्यों का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए |** **[17]**

1. फूल हमें खुशबू देता है।
2. कमल हमारा राष्ट्रीय फूल है।
3. बगीचे में गुलाब का पौधा है।
4. मैं शिक्षक बनना चाहता हूँ |
5. किसान खेत में काम कर रहा है।
6. मैं पाँचवी कक्षा में पढ़ता हूँ |
7. अध्यापक पढ़ा रहे हैं।
8. आसमान में तारे चमकते हैं ।
9. जंगल में मोरनी नाच रही है।
10. लड़की स्कूल जा रही है।
11. हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है।
12. गाजर से हलवा बनता है।
13. मैं खिलौने से खेलता हूँ |
14. खरगोश दौड़ रहा है।
15. बैलगाड़ी में भारी सामान है ।

16.तिरंगा हमारे देश की शान है।

17.बगीचे में रंगबिरंगे फूल खिले हैं।

**H512 शब्दों और अंकों में 21 से 50 तक की गिनती का उच्चारण एवं लेखन करते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न 13 सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **[14]**

**1. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 'पैंतीस' है?**

A. २५

B. ३५

C. ४५

D. ३०

**2. 'उनतीस' के ठीक बाद कौन-सी संख्या आती है?**

A. अट्ठाईस

B. उनतीस

C. तीस

D. इकतीस

**3. 'चौंतीस' के ठीक बाद कौन-सी संख्या आती है?**

A. छत्तीस

B. पैंतीस

C. अड़तीस

D. तैंतीस

**4. 'उनचास' का सही अंक रूप क्या है?**

A. २९

B. ४९

C. १९

D. ३९

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 'छब्बीस' नहीं है?**

A. २६

B. 26

C. ४५

D. २६

**6. 'इकतालीस' को अंक में कैसे लिखा जाएगा?**

A. ४१

B. ३१

C. २१

D. ११

**7. इनमें से कौन-सी संख्या 'छियालीस' से बड़ी है?**

**A. अठ्ठाईस**

**B. चालीस**

**C. उनचास**

**D. इकतीस**

**8. निम्नलिखित संख्याओं में से कौन-सी संख्या ५० से ठीक पहले आती है?**

**A. ४३**

**B. ४२**

**C. ४९**

**D. ४१**

**9. इनमें से कौन-सी संख्या 'तेईस' से छोटी है?**

A. सत्ताईस

B. छब्बीस

C. अठ्ठाईस

D. बीस

**10. ३५ के ठीक पहले की और ३५ के ठीक बाद की संख्या कौन-सी है?**

A. ३४, ३६

B. २४, २६

C. ४४, ४६

D. १४, १६

**11. २५, २६, .........., २८ रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए।**

A. १७

B. ३७

C. २७

D. ४७

**12. दो दहाई (दशक) और पाँच इकाई (एकम) अर्थात् ....**

A. ३५

B. १५

C. ४५

D. २५

**13. ४३ का सही उच्चारण क्या है?**

A. तेतालीस

B. तितालीस

C. तियालिस

D. तैंतालीस

**14. १ के लिए कौन-सा शब्द सही है?**

A. ऐक
B. अक
C. एक
D. इक

**प्रश्न :-14 सही मिलाइए ।** [4]

**1.**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| 1. २३ | तैंतालीस |
| 2. ३३ | तेरह |
| 3. १३ | तेईस |
| 4. ४३ | तैंतीस |

[4]

**2.**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| 1. अड़तालीस | २१ |
| 2. चालीस | ४८ |
| 3. उनतीस | २९ |
| 4. इक्कीस | ४० |

**3.** [4]

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| 1. इकतीस | ઓગણપચાસ |
| 2. सैंतालीस | એકત્રીસ |
| 3. उनचास | પચ્ચીસ |
| 4. पच्चीस | સુડતાલીસ |

**4.** [4]

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| 1. ૩૯ | ४३ |
| 2. २४ | ३० |
| 3. ૩૦ | ३९ |
| 4. ૪૩ | २४ |

**प्रश्न 15** **नीचे दी गई क्रमिक संख्या में से अलग संख्या पर O (गोल) कीजिए ।** **[3]**

1. २४, २५, २६, ३७, २८
2. ३३, ३४, ३५, ३६, ४७
3. ४५, ४६, २७, ४८, ४९4.

**H511.02 सरल प्रश्नों के लिखित उत्तर देते हैं।**

**प्रश्न 16** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो तीन वाक्य में लिखिए । (HOT)** **[24]**

1. ट्रैफिक सिग्नल में लाल बत्ती का क्या मतलब है?
2. पैदल यात्री को सड़क पार करने के लिए किसका उपयोग करना चाहिए?
3. 'नन्हा मुन्ना राही हूँ' कविता हमें क्या संदेश देती है?
4. "नन्हा मुन्ना राही हूँ" कविता में बच्चा क्या करने का संकल्प लेता है?
5. भाविक ने अपने दोस्त अमित से कहा, "यह कितनी सुंदर मछली है" तो दोनों मित्र किस साधन में बैठे होंगे ?
6. आप देश की सेवा किस प्रकार कर सकते हैं ?
7. आप देशभक्ति के नारे किन-किन अवसरों पर बोलते हैं?
8. आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं? क्यों?
9. हमें सड़क की बाईं ओर क्यों चलना चाहिए?
10. दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?
11. 'बड़ा हो के देश का सहारा बनूंगा, दुनिया की आंखों का तारा बनूंगा' इस काव्य पंक्ति का भावार्थ लिखिए
12. सड़क पर चलते समय किन यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए ?

**अति संक्षिप्त उत्तरवालें प्रश्न**

**प्रश्न 17** **प्रश्नों के उत्तर एक- एक शब्द में दीजिए ।** **[6]**

1 चोर को कौन पकड़ता है ? ____________________

2 रोगी का इलाज कौन करता है? ____________________

3 हमें शिक्षा कौन प्रदान करता है ? ____________________

4 मधुमक्खी के छत्ते में से क्या मिलता है ? ____________________

5 बस में टिकट कौन देता है ? ____________________

6 पानी में खिलने वाले किसी एक फूल का नाम लिखिए। __________

**H524 अधूरे वाक्य पूर्ण करते हैं।**

**अति संक्षिप्त उत्तरवालें प्रश्न**

**प्रश्न 18** **सही वाक्यांश चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए।** **[6]**

1. सूरज हर सुबह .........................

a) पश्चिम में उगता है।
b) उत्तर में उगता है।
c) पूर्व में उगता है।
d) दक्षिण में उगता है।

2. बारिश होने पर लोग ..........................
   a) छाता का उपयोग करते हैं।
   b) किताब का उपयोग करते हैं।
   c) पंखा का उपयोग करते हैं।
   d) घड़ी का उपयोग करते हैं।
3. माँ ने रसोई में स्वादिष्ट ..........................
   a) खिलौना बनाया।
   b) खाना बनाया।
   c) कपड़ा बनाया।
   d) फूल बनाया।
4. पेड़ों पर रंग-बिरंगे ..........................
   a) पत्ते खिलते हैं।
   b) फूल खिलते हैं।
   c) फल खिलते हैं।
   d) पत्थर खिलते हैं।
5. रात को आकाश में ..........................
   a) सूरज चमकते हैं।
   b) तारे चमकते हैं।
   c) बादल चमकते हैं।
   d) पक्षी चमकते हैं।
6. गर्मियों में हमें ..........................
   a) गर्म पानी पीना चाहिए।
   b) ठंडा पानी पीना चाहिए।
   c) गंदा पानी पीना चाहिए।
   d) उबलता हुआ पानी पीना चाहिए।

**H516 सरल शब्द एवं समानार्थी, विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं।**

**अति संक्षिप्त उत्तरवालें प्रश्न**

**प्रश्न 19** **दिए गए वाक्य में से रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **[6]**

1. <u>दुनिया</u> बहुत विशाल है।
2. <u>धरती</u> को साफ-सुथरा रखना चाहिए।

3. हमें सही रास्ते पर चलना चाहिए।
4. मेरा भाई फौज में सिपाही है।
5. मेरे देश का नाम भारत है।
6. हमें साथ रहकर काम करना चाहिए।

**प्रश्न 20** **दिए गए वाक्य में से रेखांकित शब्द का विरुद्धार्थी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **[6]**

1. गिलास में थोड़ा पानी है।
2. हमें हरदम आगे बढ़ना चाहिए।
3. मेरा विद्यालय बड़ा है।
4. पेड़ के नीचे लड़का खड़ा है।
5. बच्चे धूप में खेल रहे हैं।
6. हमें सड़क पर बाईं ओर चलना चाहिए।

**प्रश्न 21** **दिए गए शब्दों का उपयोग करके वाक्य बनाइए |** **[5]**

1. टिकट
2. बस
3. पुलिस
4. बगीचा
5. देश

**H509: परिचित विषय पर साहजिक रूप से लिखते हैं।**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

**प्रश्न 22** **दिए गए विषय पर चार -पाँच वाक्य लिखिए। (प्रत्येक विषय के पाँच अंक)** **[5]**

1. मेरा देश
2. सिपाही
3. राष्ट्रध्वज
4. स्वतंत्रता दिवस

**H525 दी गई परिस्थिति के बारे में सोचकर अपनी राय देते हैं |**

**संक्षिप्त उत्तरवालें प्रश्न**

**प्रश्न 23** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **[16]**


1. यदि आप सैनिक हो, तो क्या कार्य करोगे ?
2. यदि आप किसान हो, तो क्या कार्य करोगे ?
3. यदि आप शिक्षक हो, तो क्या कार्य करोगे ?

4. यदि आपको कोई वृद्‍ध व्यक्ति रास्ता पार करते हुए दिखाई दे, तो आप उसकी कैसे मदद करोगे ?
5. यदि आपकी पाठशाला में कोई विशेष अतिथि उपस्थित होते हैं तो आप उनसे कैसे बातचीत करेंगे। संवाद के रूप में लिखिए।
6. यदि साइकिल आपसे बोलने लगती, तो आपसे क्या कहती अपने विचार लिखिए।
7. आपको कौन - सी कहानी अच्छी लगती है, उस कहानी के मुख्य पात्र और उसके गुणों के बारे में बताइए।
8. आपके गाँव में एक तालाब है जो गंदा हो गया है, और लोग उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। तालाब के गंदे होने से गाँव के लोगों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है?

**H526 चित्र का अवलोकन करके भेद ढूँढते हैं ।**

**अति संक्षिप्त उत्तरवालें प्रश्न**

**प्रश्न 24** **चित्र को देखकर पाँच भेद बताइए।** **[5]**



**प्रश्न 25** **चित्र को देखकर तीन भेद बताइए ।** **[5]**

